जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीविवि/परीक्षा-2/गोप0/2017/ 249 दिनांक : 01.03.2017

अति आवश्यक सूचना

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः- बिना मूल पहचान पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित ना किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा निर्धारित किये गये समस्त परीक्षा केन्द्रों को यह सूचित किया जाता है कि आगामी सम्पन्न होने वाली परीक्षाओं में किसी भी छात्र को उसके मूल पहचान पत्र देखे जाने के पश्चात् ही परीक्षा में सम्मिलित किया जाये । यदि बिना मूल पहचान पत्र के किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेवारी स्वयं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष एवं प्राचार्य की होगी।

नोट-मूल पत्र हेतु दस्तावेज निम्नलिखित हैः-

पासपोर्ट/ आधार कार्ड/ मतदाता-पहचान पत्र/ ड्राइविंग लाइसेंस/ पेन कार्ड - दस्तावेज ना होने की स्थिति में किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित ना किया जावे।

उक्त नोट को समस्त परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र पर भी दर्शाया जा रहा है। यदि इसके बाद भी परीक्षार्थियों द्वारा मूल पहचान-पत्र लेकर परीक्षा केन्द्र पर नहीं पहुचतें है तो उत्पन्न हुई परेशानी हेतु परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेवार माना जावेगा।

इसके साथ ही समस्त महाविद्यालय को यह सूचित किया जाता है कि वह अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को इस सूचना से अवगत करावें। जिससे छात्रों को परीक्षा केन्द्र पर असुविधा का सामना ना करना पड़े।

परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण एवं अत्यावश्यक कार्य में आपका सहयोग आपेक्षित है।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपूड़ा भवन, भोपाल मध्यप्रदेश।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, मोती महल ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप/सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)